Adda247 GET IT ON Google Play

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

**Answer Sheet No. :** .................................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________
(In words)

**Test Booklet No.**

**J—2007**

**PAPER—II**

# HINDI

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Serial No. of the booklet should be entered in the Answer-sheets and the Serial No. of Answer Sheet should be entered on this Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ⬤ (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या उत्तर-पत्रक पर अंकित करें और उत्तर-पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ⬤ (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

# Test Prime

***ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION***

**70,000+**
**Mock Tests**

**Personalised Report Card**

**Unlimited Re-Attempt**

**600+**
**Exam Covered**

**Previous Year Papers**

**500%**
**Refund**

IBPS

NABARD

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

Adda247 GET IT ON Google Play

# HINDI

# हिन्दी

## PAPER – II

## प्रश्न-पत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्नों के **दो** (2) अंक निर्धारित हैं। विद्यार्थी **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।

**1.** निम्नलिखित बोलियों में से कौन-सी बोली उत्तर प्रदेश में नहीं बोली जाती ?

(A) अवधी (B) ब्रज

(C) मैथिली (D) खड़ी बोली

**2.** 'पुरानी हिन्दी' नामकरण किसने किया ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी (B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) इंशा अल्ला खाँ (D) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

**3.** हिन्दी को राजभाषा के रूप में मान्यता कब मिली ?

(A) 26 जनवरी, 1950 (B) 14 सितम्बर, 1949

(C) 15 अगस्त, 1947 (D) 14 सितम्बर, 1955

**4.** 'छ' ध्वनि का उच्चारण स्थान है :

(A) दन्त्य (B) ओष्ठ्य

(C) तालव्य (D) वर्त्स्य

**5.** किन रचनाकारों की भाषा को 'संधाभाषा' कहा गया ?

(A) बौद्ध-सिद्ध (B) जैन मुनि

(C) सन्त कवि (D) रासक परम्परा के कवि

Adda247 GET IT ON Google Play

6. कौन-सी कृति जायसी की है ?

(A) मधुमालती (B) मृगावती

(C) कन्हावत (D) अनुराग बाँसुरी

7. हिन्दी साहित्य के आरम्भिक काल को सिद्ध-सामन्त काल किसने कहा ?

(A) रामकुमार वर्मा (B) राहुल सांकृत्यायन

(C) गणपतिचन्द्र गुप्त (D) मिश्र बन्धु

8. मध्वाचार्य किस सम्प्रदाय के संस्थापक हैं ?

(A) द्वैत (B) अद्वैत

(C) शुद्धाद्वैत (D) विशिष्टाद्वैत

9. तुलसीदास की किस रचना का सम्बन्ध ज्योतिष से है ?

(A) रामलला नहछू (B) जानकी मंगल

(C) हनुमान-बाहुक (D) रामाज्ञा प्रश्न

10. निम्नलिखित में से कौन-से रीतिसिद्ध कवि हैं ?

(A) देव (B) बिहारी

(C) मतिराम (D) पद्माकर

11. हिन्दी प्रदीप के सम्पादक थे :

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (B) बालकृष्ण भट्ट

(C) प्रेमघन (D) राधाकृष्ण दास

12. 'शेर सिंह का शस्त्र समर्पण' के रचनाकार हैं :

(A) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला (B) रामधारी सिंह दिनकर

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान (D) जयशंकर प्रसाद

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

13. ‘कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ, जिससे उथल-पुथल मच जाए’ — किसकी पंक्ति है?

(A) बालकृष्ण शर्मा नवीन (B) रामनरेश त्रिपाठी

(C) माखनलाल चतुर्वेदी (D) सोहनलाल द्विवेदी

14. इनमें से कौन ‘नकेनवादी’ रचनाकार नहीं है?

(A) नलिन विलोचन शर्मा (B) केसरी कुमार

(C) केदारनाथ सिंह (D) नरेश

15. ‘हरिजन गाथा’ किसकी रचना है?

(A) धूमिल (B) नागार्जुन

(C) लीलाधर जगूड़ी (D) आलोक धन्वा

16. इनमें से कौन सी रचना कृष्णा सोबती की है?

(A) विज़न (B) आँवा

(C) ज़िन्दगीनामा (D) चितकोबरा

17. ‘ताज महल का टेंडर’ किसका नाटक है?

(A) अजय शुक्ला (B) स्वदेश दीपक

(C) सुशील कुमार सिंह (D) विभुकुमार

18. अनुमितिवाद की अवधारणा किसकी है?

(A) भट्टनायक (B) विश्वनाथ

(C) भट्ट लोल्लट (D) शंकुक

19. अलंकारों को काव्य का शोभाकारक धर्म किसने माना?

(A) भामह (B) दण्डी

(C) मम्मट (D) क्षेमेन्द्र

Adda247 GET IT ON Google Play

**20.** भक्ति को रस रूप में प्रतिष्ठित करने वाले आचार्य हैं :

(A) मधुसूदन सरस्वती (B) जीव गोस्वामी

(C) वल्लभाचार्य (D) रूप गोस्वामी

**21.** निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम क्या है?

(A) कीर्तिलता, रामचरित मानस, रसराज, प्रिय-प्रवास

(B) प्रिय-प्रवास, रसराज, रामचरित मानस, कीर्तिलता

(C) रामचरित मानस, प्रिय-प्रवास, कीर्तिलता, रसराज

(D) रसराज, प्रिय-प्रवास, कीर्तिलता, रामचरित मानस

**22.** निम्नलिखित कृतियों का सही अनुक्रम कौन-सा है?

(A) नए पत्ते, आंसू, ग्रंथि, ठंडा लोहा

(B) ठंडा लोहा, ग्रंथि, आंसू, नए पत्ते

(C) आंसू, ग्रंथि, नए पत्ते, ठंडा लोहा

(D) नए पत्ते, ठंडा लोहा, ग्रंथि, आंसू

**23.** निम्नलिखित उपन्यासों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) झूठा-सच, राग दरबारी, चन्द्रकांता, गोदान

(B) चन्द्रकांता, गोदान, झूठा-सच, राग दरबारी

(C) गोदान, राग दरबारी, झूठा-सच, चन्द्रकांता

(D) राग दरबारी, झूठा-सच, चन्द्रकांता, गोदान

**24.** निम्नलिखित नाटकों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) राम की लड़ाई, ध्रुव स्वामिनी, आधे-अधूरे, विद्या सुन्दर

(B) ध्रुव स्वामिनी, आधे-अधूरे, राम की लड़ाई, विद्या सुन्दर

(C) विद्या सुन्दर, राम की लड़ाई, आधे-अधूरे, ध्रुव स्वामिनी

(D) विद्या सुन्दर, ध्रुव स्वामिनी, आधे-अधूरे, राम की लड़ाई

Adda247 GET IT ON Google Play

25. निम्नलिखित पत्रिकाओं का सही अनुक्रम कौन-सा है?

(A) पूर्वग्रह, कथादेश, मतवाला, हिन्दुस्तान

(B) हिन्दुस्तान, कथादेश, पूर्वग्रह, मतवाला

(C) मतवाला, हिन्दुस्तान, पूर्वग्रह, कथादेश

(D) कथादेश, पूर्वग्रह, मतवाला, हिन्दुस्तान

26. निम्नलिखित कहानियों का सही अनुक्रम कौन-सा है?

(A) तिरिछ, शरणागत, तीसरी कसम, उसने कहा था

(B) तीसरी कसम, तिरिछ, शरणागत, उसने कहा था

(C) उसने कहा था, शरणागत, तीसरी कसम, तिरिछ

(D) शरणागत, तीसरी कसम, तिरिछ, उसने कहा था

27. निम्नलिखित निबंधों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) चिन्तामणि, अशोक के फूल, छितवन की छांह, रस-आखेटक

(B) रस-आखेटक, अशोक के फूल, छितवन की छांह, चिन्तामणि

(C) चिन्तामणि, रस-आखेटक, छितवन की छांह, अशोक के फूल

(D) अशोक के फूल, छितवन की छांह, चिन्तामणि, रस-आखेटक

28. निम्नलिखित का सही अनुक्रम कौन-सा है?

(A) अस्तित्ववाद, संरचनावाद, यथार्थवाद, मनोविश्लेषणवाद

(B) यथार्थवाद, मनोविश्लेषणवाद, अस्तित्ववाद, संरचनावाद

(C) मनोविश्लेषणवाद, संरचनावाद, अस्तित्ववाद, यथार्थवाद

(D) संरचनावाद, यथार्थवाद, अस्तित्ववाद, मनोविश्लेषणवाद

Adda247 GET IT ON Google Play

**29.** इन रचनाओं को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | रेखाएं बोल उठी | (i) | महादेवी वर्मा |
| (b) | अतीत के चलचित्र | (ii) | रामकुमार वर्मा |
| (c) | जिन्दगी मुसकायी | (iii) | देवेन्द्र सत्यार्थी |
| (d) | मील का पत्थर | (iv) | श्रीलाल शुक्ल |
| | | (v) | कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (v) | (i) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (v) | (iv) |
| (C) | (v) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |

**30.** इन साहित्येतिहास ग्रन्थों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | हिन्दी साहित्य का नया इतिहास | (i) | रामकुमार वर्मा |
| (b) | हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास | (ii) | गणपति चन्द्र गुप्त |
| (c) | हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास | (iii) | राम स्वरूप चतुर्वेदी |
| (d) | हिन्दी साहित्य की संवेदना का विकास | (iv) | लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय |
| | | (v) | बच्चन सिंह |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

Adda247

GET IT ON Google Play

**31.** इन काव्य पंक्तियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | पेट पीठ दोनों मिलकर हैं एक | (i) | दिनकर |
| (b) | सांप तुम सभ्य हुए नहीं | (ii) | धूमिल |
| (c) | एक आदमी रोटी बेलता है | (iii) | निराला |
| (d) | श्वानों को मिलता दूध भात<br>भूखे बालक अकुलाते हैं | (iv) | नागार्जुन |
| | | (v) | अज्ञेय |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |
| (B) | (v) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iii) | (v) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (v) | (iii) |

**32.** इन काव्य पंक्तियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | अति सूधो सनेह को मारग है | (i) | पद्‌माकर |
| (b) | साजि चतुरंग वीर रंग में तुरंग चढ़ि | (ii) | भिखारी दास |
| (c) | गुलगुली गिल में गलीचा है गुनीजन हैं | (iii) | भूषण |
| (d) | आगे के कवि रीझिहै तो कविताई न तो<br>राधिका कन्हाई सुमिरन कौं बहानौ है | (iv) | बोधा |
| | | (v) | घनानन्द |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (iii) | (v) |
| (B) | (v) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (v) | (i) | (iii) |
| (D) | (v) | (iii) | (i) | (ii) |

Adda247 GET IT ON Google Play

**33.** इन रचनाओं को उनकी काव्य भाषा के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | विजयपाल रासो | (i) | हिन्दवी |
| (b) | चर्यागीत | (ii) | अपभ्रंश |
| (c) | कीर्तिलता | (iii) | संधाभाषा |
| (d) | खुसरो की पहेलियाँ | (iv) | मैथिली |
| | | (v) | ब्रजभाषा |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (iv) | (i) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iii) | (v) | (i) | (iv) |

**34.** इन संस्थाओं को उनके स्थानों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | नागरी प्रचारिणी सभा | (i) | दिल्ली |
| (b) | साहित्य अकादमी | (ii) | मद्रास |
| (c) | एशियाटिक सोसायटी | (iii) | काशी |
| (d) | राष्ट्रभाषा प्रचार समिति | (iv) | कलकत्ता |
| | | (v) | वर्धा |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (iii) | (v) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (v) |
| (D) | (iii) | (i) | (iv) | (v) |

Adda247 GET IT ON Google Play

**35.** इन नाटकों को उनके नाटककारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | कोमल गांधार | (i) | भीष्म साहनी |
| (b) | मुक्ति का रहस्य | (ii) | सुरेन्द्र वर्मा |
| (c) | करफ्यू | (iii) | लक्ष्मीनारायण मिश्र |
| (d) | माधवी | (iv) | शंकर शेष |
| | | (v) | लक्ष्मीनारायण लाल |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (v) | (i) |
| (B) | (ii) | (v) | (i) | (iii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (v) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (v) |

**36.** इन चरित्रों को उनके नाटकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | सुन्दरी | (i) | चन्द्रगुप्त |
| (b) | कल्याणी | (ii) | देहान्तर |
| (c) | उर्वी | (iii) | शकुन्तला की अंगूठी |
| (d) | कनक | (iv) | लहरों के राज हंस |
| | | (v) | पहला राजा |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (v) | (iii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (v) |
| (C) | (v) | (i) | (iii) | (ii) |
| (D) | (i) | (iv) | (v) | (iii) |

Adda247
GET IT ON Google Play

**37.** इन कविताओं को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | परिवर्तन | (i) | अज्ञेय |
| (b) | यमुना के प्रति | (ii) | पंत |
| (c) | पेशोला की प्रतिध्वनि | (iii) | निराला |
| (d) | सोन मछली | (iv) | धर्मवीर भारती |
| | | (v) | प्रसाद |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (v) |
| (B) | (iii) | (v) | (ii) | (i) |
| (C) | (ii) | (iii) | (v) | (i) |
| (D) | (v) | (ii) | (i) | (iii) |

**38.** निम्नलिखित पत्रिकाओं को उनके सम्पादकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | पहल | (i) | कमला प्रसाद |
| (b) | वसुधा | (ii) | नन्दकिशोर नवल |
| (c) | तद्‌भव | (iii) | ज्ञान रंजन |
| (d) | कथाक्रम | (iv) | अखिलेश |
| | | (v) | शैलेन्द्र सागर |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (v) |
| (C) | (v) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |

Adda247 GET IT ON Google Play

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **39 से 45** तक दी गई स्थापनाओं (Assertion) और तर्कों (Reason) को ध्यानपूर्वक पढ़कर बहुविकल्पीय उत्तरों में से सही उत्तर का चयन करें।

**39.** **स्थापना (Assertion) A :** मिथक सामूहिक जीवन का संचित अनुभव है।

**तर्क (Reason) R :** क्योंकि इसे सामाजिक स्तर पर विश्वास का व्यापक आधार प्राप्त होता है।

(A) A सही R गलत

(B) A गलत R सही

(C) A और R दोनों सही

(D) A और R दोनों गलत

**40.** **स्थापना (Assertion) A :** उत्तर आधुनिकता के अनुसार तकनीक मनुष्यता की शत्रु है।

**तर्क (Reason) R :** क्योंकि इससे मानव की नैसर्गिकता समाप्त हो गई और उसका अपनी प्रकृति से अलगाव हो गया।

(A) A और R दोनों गलत

(B) A सही R गलत

(C) A गलत R सही

(D) A और R दोनों सही

Adda247

**41.** **स्थापना (Assertion) A :** 'संसार में मनुष्य जाति के बीच कविता हृदय के भावों को लेकर ही उठी है।' — यह धारणा आज तक चली आ रही है।

**तर्क (Reason) R :** क्योंकि कविता का सम्बन्ध कल्पना से है, यथार्थ से नहीं।

(A) A और R दोनों गलत

(B) A सही R गलत

(C) A और R दोनों सही

(D) A गलत R सही

Adda247 GET IT ON Google Play

42. **स्थापना (Assertion) A :** काव्य की आत्मा रस है और गुण रस के धर्म हैं।

**तर्क (Reason) R :** क्योंकि गुण रस के उपकारक हैं।

(A) A सही R गलत

(B) A और R दोनों सही

(C) A और R दोनों गलत

(D) A गलत R सही

43. **स्थापना (Assertion) A :** खण्ड काव्य में जीवन का खण्ड–चित्र प्रस्तुत किया जाता है।

**तर्क (Reason) R :** इसीलिए यह चरित काव्य का एक विशेष भेद है।

(A) A और R दोनों गलत

(B) A गलत R सही

(C) A सही R गलत

(D) A और R दोनों सही

Adda247

44. **स्थापना (Assertion) A :** जिस नायिका के शरीर में नव यौवन का प्रवेश हो रहा हो, उसे मुग्धा नायिका कहते हैं और उसमें लज्जा भाव बड़ा प्रबल होता है।

**तर्क (Reason) R :** इसी कारण उसे परकीया नायिका की कोटि में गिना जाता है।

(A) A सही R गलत

(B) A गलत R सही

(C) A और R दोनों गलत

(D) A गलत R अंशत: सही

Adda247 GET IT ON Google Play

**45.** **स्थापना (Assertion) A :** रूपक में कार्यावस्था एवं अर्थप्रकृति को मिलाने वाला तत्व संधि है।

**तर्क (Reason) R :** क्योंकि कथांशों का सम्बन्ध एक ओर अर्थप्रकृति से होता है तो दूसरी ओर कार्यावस्था से।

(A) A गलत R सही

(B) A सही R गलत

(C) A और R दोनों गलत

(D) A और R दोनों सही

**निर्देश :** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उससे संबंधित प्रश्नों (प्रश्न संख्या 46 से 50 तक) के उत्तरों के दिए गए बहुविकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें।

शील हृदय की वह स्थायी स्थिति है जो सदाचार की प्रेरणा आप से आप करती है। सदाचार ज्ञान द्वारा प्रवर्तित हुआ है या भक्ति द्वारा, इसका पता यों लग सकता है कि ज्ञान द्वारा प्रवर्तित जो सदाचार होगा, उसका साधन बड़े कष्ट से – हृदय को पत्थर के नीचे दबाकर – किया जायेगा; पर भक्ति द्वारा प्रवर्तित जो सदाचार होगा, उसका अनुष्ठान बड़े आनन्द से, बड़ी उमंग के साथ, हृदय से होता हुआ दिखाई देगा। उसमें मन को मारना न होगा, उसे और सजीव करना होगा। कर्तव्य और शील का वही आचरण सच्चा है जो आनन्दपूर्वक हर्षपुलक के साथ हो।

Adda247

**46.** सदाचार किन से प्रवर्तित होता है?

(A) प्रेम और भक्ति द्वारा
(B) भक्ति और धर्म द्वारा
(C) धार्मिक भावना द्वारा
(D) ज्ञान और भक्ति द्वारा

**47.** भक्ति द्वारा प्रवर्तित सदाचार का अनुष्ठान कैसे होता है?

(A) आनन्द से और हृदय से
(B) कष्ट से किन्तु हृदय से
(C) ज्ञान और हृदय से
(D) भक्ति और ज्ञान से

**48.** ज्ञान द्वारा प्रवर्तित सदाचार का पता कैसे लगता है?

(A) हृदय को साथ लेकर
(B) कष्टपूर्वक हृदय को दबाकर
(C) प्रेमपूर्वक हृदय को दबाकर
(D) बुद्धि के प्रयोग द्वारा

Adda247 GET IT ON Google Play

**49.** कर्तव्य और शील का कौन-सा आचरण सच्चा है?

(A) जो ज्ञान और बुद्धि से युक्त हो
(B) जो हृदय और बुद्धि से युक्त हो
(C) जो आनन्द और हर्ष से युक्त हो
(D) जो कर्तव्य ज्ञान से युक्त हो

**50.** हृदय की वह कौन-सी स्थायी दशा है जो सदाचार को प्रेरित करती है?

(A) प्रेम दशा
(B) शील दशा
(C) ज्ञान दशा
(D) भक्ति दशा

- o O o -

Adda247

Space For Rough Work